गोटे की चुनरी गोरा ईसर जी लाए

गोटे की चुनरी गोरा ईसर जी लाए,
तुम पहनो मेरी गोरा रानी, काहे शर्माए,
तुम पहनो मेरी गोरा रानी, काहे शर्माए,
गोटे की चुनरी गोरा, ईसर जी लाए,
तुम पहनो मेरी गोरा रानी, काहे शर्माए

टीका नथली झुमका मैया,
हम भी लेकर आएं हैं,
मोतियन से हम माँग सजाए,
बिंदिया लाल लगाएं हैं,
हमको भी देना मैया अमर सुहाग रै,
हम भी ओढ़ेंगे मैया चुनरिया लाल रै,
गोटे की चुनरी गोरा, ईसर जी लाए,
तुम पहनो मेरी गोरा रानी, काहे शर्माए।

हरवा चुड़ला हथफूल मैया हम भी लेकर आएंगे,
फूलो का हम गजरा लाये महंदी लाल लगाएंगे,
हमको भी देना मैया अमर सुहाग रे,
हम भी ओढ़ेंगे मैया चुनरिया लाल रे,
गोटे की चुनरी गोरा, ईसर जी लाए,
तुम पहनो मेरी गोरा रानी, काहे शर्माए।

तगड़ी गुच्छा पायल गोरा हम भी लेकर आएंगे,
बिछुआ भी पहनाएंगे और महावर भी लगाएंगे,
हमको भी देना मैया अमर सुहाग रे,
हम भी ओढ़ेंगे मैया चुनरिया लाल रे,
गोटे की चुनरी गोरा, ईसर जी लाए,
तुम पहनो मेरी गोरा रानी, काहे शर्माए।

लेहंगा चुनरी साड़ी गोरा हम भी लेकर आएंगे
पहन ओढ़ कर गोरा रानी पाटे पर बैठाएंगे
सोलह श्रृंगार मैया हम भी करेंगे
ईसर गोरा की हम भी पूजा करेंगे
हमको भी देना मैया अमर सुहाग रे
हम भी करेंगे मैया सोलह श्रृंगार रे
गोटे की चुनरी गोरा, ईसर जी लाए,
तुम पहनो मेरी गोरा रानी, काहे शर्माए

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21279/title/gote-ki-chunari-gora-ishar-ji-laaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |